# SYSTEMATIX SECURITIES LTD.

Registered Office: 35, Old Industrial RIICO Area, Chittorgarh, Rajasthan, India 312001, Mob. No. - 9414111117
Web: www.systematixsecurities.in, E-mail– systematixctor@gmail.com, CIN: L65999RJ1986PLC070811

To,  Date : 18th May 2026

The Secretary,
Corporate Relationship Department,
Bombay Stock Exchange Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai – 400 001

Sub. : Newspaper Cutting of Published Unaudited Financial Results for the quarter ended March 31, 2026.

**Ref. : SYSTEMATIX SECURITIES LTD (BSE Scrip Code 531432, SCRIP Name: SYTIXSE, ISIN No. INE07P301011)**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation,2015, We are attaching herewith copy of extract of unaudited financial results for the quarter ended March 31, 2026 in the newspaper namely Financial Express (English edition) and Business Remedies (Hindi edition) on May 17, 2026, Sunday.

This is for your information and record

Thanking you.

Yours faithfully,
For Systematix Securities Limited

RAJESH KUMAR INANI
Digitally signed by RAJESH KUMAR INANI
Date: 2026.05.18 17:30:22 +05'30'

Rajesh Kumar Inani
Director
DIN: - 00410591

# टाटा पावर ने वित्त वर्ष 25-26 की चौथी तिमाही और पूरे वार्षिक वित्तीय वर्ष के लिए मुनाफे (PAT) में शानदार बढ़त दर्ज की

**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज**




भारत की सबसे बड़ी पावर कंपनियों में से एक, टाटा पावर ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी का मुनाफा (पीएटी) 8 प्रतिशत बढ़कर 1,416 करोड़ रहा। इस दौरान कंपनी का कुल रेवेन्यू 15,962 करोड़ रहा, जबकि बेहतर कामकाज और सही रणनीति की बदौलत कामकाजी मुनाफा (EBITDA) 10 प्रतिशत बढ़कर 4,216 करोड़ पर पहुँच गया।

इस तिमाही के नतीजे बताते हैं कि कंपनी स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ाने, अपने काम करने के तरीके को बेहतर बनाने और नए साझेदार जोड़ने पर पूरा ध्यान दे रही है। इसका उद्देश्य आने वाले समय में बिजली की कमी को दूर करना और पर्यावरण को सुरक्षित रखना है। इस तिमाही की सबसे बड़ी बात यह रही कि कंपनी एक बेहतर भविष्य बनाने की अपनी कोशिशों में जुटी रही। इस दौरान कंपनी ने भूटान में पानी से बिजली बनाने वाले प्रोजेक्ट्स पर काम आगे बढ़ाया और बिजली को एक जगह से दूसरी जगह सुरक्षित पहुँचाने के लिए दो बड़े नेटवर्क तैयार किए। साथ ही, कंपनी एक खास 'पंप हाइड्रो' प्रोजेक्ट पर भी तेजी से काम कर रही है, ताकि आने वाले समय में लोगों को दिन-रात बिना रुके साफ और प्रदूषण-मुक्त बिजली मिल सके।

कंपनी ने इस साल 7 प्रतिशत ज्यादा 5,118 करोड़ का मुनाफा (रिपोर्टेड पीएटी) कमाया है, जो अब तक का सबसे ज्यादा मुनाफा है। साल भर में कंपनी की कुल कमाई 63,681 करोड़ रही, और उसका कामकाजी मुनाफा भी 11 प्रतिशत बढ़कर 16,090 करोड़ तक पहुँच गया। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन के कई बड़े कारण रहा। कंपनी ने अपने अलग-अलग कारोबारों को बेहतर ढंग से चलाया और तमिलनाडु के तिरुनेलवेली प्लांट में सोलर सेल और मॉड्यूल का उत्पादन तेज़ी से बढ़ाया। इसके साथ ही, कंपनी ने 3.7 लाख से ज़्यादा घरों में सोलर पैनल (रूटटॉप सोलर) लगाने की उपलब्धि हासिल की, बड़े स्तर पर नए क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स शुरू किए और ओडिशा में बिजली वितरण के काम में काफी सुधार किया। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में, कंपनी के मुख्य कारोबार के मुनाफे (पीएटी) में 13त्न की शानदार बढ़त देखी गई। इसका बड़ा श्रेय बिजली बनाने, उसे पहुँचाने (प्रेषण और वितरण) और स्वच्छ ऊर्जा विभागों के अच्छे प्रदर्शन को जाता है। पूरे साल के दौरान, टाटा पावर ने ग्रिड को 49.52 बिलियन यूनिट बिजली दी, जबकि इसके वितरण नेटवर्क ने ग्राहकों तक लगभग 47.92 बिलियन यूनिट बिजली पहुँचाई।

टाटा पावर के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा कियह तिमाही और पूरा साल हमारे उस अटूट फोकस को दर्शाता है, जिसके तहत हम सही रणनीति, बेहतरीन कामकाज और मजबूत साझेदारियों के जरिए भविष्य के लिए बेहतर नतीजे तैयार कर रहे हैं। स्वच्छ ऊर्जा के नए प्रोजेक्ट्स का जुड़ना, टीबीसीबी प्रोजेक्ट्स में लगातार प्रगति, ओडिशा, दिल्ली और मुंबई में बिजली वितरण के काम में सुधार और पड़ोसी देशों के साथ ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग – ये सभी बातें एक सुरक्षित और मजबूत ऊर्जा भविष्य बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। जैसे-जैसे बिजली की मांग बढ़ रही है और इस साल इसकी अधिकतम जरूरत (पीक डिमांड) 270 गीगावाट तक पहुँचने का अनुमान है, ऊर्जा सुरक्षा और उसका भरोसा हमारे लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हमारा ध्यान घरों की छतों पर सोलर पैनल (रूटटॉप सोलर), निर्माण में आत्मनिर्भरता और अपने कामकाज को गहराई से जोड़ने पर है। यह टाटा पावर की वृद्धि को बढ़ाने और भविष्य के लिए भरोसेमंद ऊर्जा सिस्टम तैयार करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। भारत के स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्यों के साथ चलते हुए, हम बिजली बनाने, पहुँचाने, बाँटने और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं को लगातार मजबूत कर रहे हैं, ताकि हम एक हरियाली भरा और बेहतर भविष्य बना सकें।

# भारत ने इटली के साथ बढ़ाए स्पेस-टेक संबंध, नई साझेदारियों का ऐलान किया

**नई दिल्ली | एजेंसी**

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) ने शनिवार को बताया कि उसने भारतीय स्पेस-टेक कंपनियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए इटली के वेनिस में आयोजित 'स्पेस मीटिंग्स वेनेटो 2026' में हिस्सा लिया, जो अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को मजबूत करने और भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की वैश्विक मौजूदगी बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के दिग्गज, स्टार्टअप, नीति निर्माता और तकनीकी कंपनियां शामिल हुईं, जिसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने इटैलियन स्पेस इंडस्ट्री स्टडी ग्रुप के साथ रणनीतिक बातचीत की, ताकि दोनों देशों के बीच व्यावसायिक और तकनीकी सहयोग को और मजबूत किया जा सके। कर्नाटक स्थित एस्ट्रोबेस स्पेस टेक्नोलॉजीज ने इम्पल्सो स्पेस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य ग्राहकों की पहुंच बढ़ाना और इंटीग्रेटेड मिशन मैनेजमेंट तथा लॉन्च सर्विस नेटवर्क के जरिए लॉन्च अवसरों की तलाश करना है। एक अन्य भारतीय कंपनी केपलर एयरोस्पेस ने अपोजियो स्पेस के साथ एक फ्रेमवर्क समझौता किया। इसके तहत 'ग्राउंड स्टेशन ऐज ए सर्विस' (जीएसएएएस) इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जाएगा और भारत तथा यूरोप के बीच सैटेलाइट सहयोग को मजबूत किया जाएगा। यह साझेदारी क्यूबसैट सिस्टम, पेलोड टेक्नोलॉजी, सैटेलाइट इंफ्रास्ट्रक्चर और मिशन संचालन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अवसरों की तलाश करेगी।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल में कुल नौ स्पेस-टेक कंपनियां शामिल हुईं, जिन्होंने कई सहयोगी पहलों की घोषणा की। बयान में कहा गया है कि एक अन्य कंपनी व्योमआईसी ने इस आयोजन के दौरान अपनी कई तकनीकों का प्रदर्शन किया और अगली पीढ़ी की नेविगेशन तथा मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तकनीकों के विकास के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। आईएन-स्पेस के प्रोग्राम मैनेजमेंट एंड ऑथराइजेशन डायरेक्टरेट के निदेशक डॉ. पी. के. जैन ने कहा कि 'स्पेस मीटिंग्स वेनेटो' में भारत की भागीदारी देश की अंतरिक्ष क्षमताओं और निजी क्षेत्र पर बढ़ते वैश्विक भरोसे को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए भारतीय और अंतरराष्ट्रीय स्पेस कंपनियों के बीच कई महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारियां बनी हैं। उन्होंने कहा, कि एस्ट्रोबेस स्पेस टेक्नोलॉजीज, केपलर एयरोस्पेस और व्योमआईसी द्वारा किए गए समझौते भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और वैश्विक तैयारी को दिखाते हैं। भारत वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है और आईएन-स्पेस उद्योग आधारित अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# वन्दे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान 25 मई से होगा शुरू, अभियान को जन आंदोलन बनाने की आमजन से अपील

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**




राज्य सरकार द्वारा 25 मई से 5 जून 2026 तक आयोजित किए जाने वाले 'वंदेगंगा'-जलसंरक्षण जन अभियान 2026 के जिले मे सफल क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देकर जिले में जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारम्परिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा ताकि अभियान का सकारात्मक प्रभाव जिले के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। सभी विभाग आपसी समन्वय से प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय तक कार्ययोजना बनाकर गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होने अभियान में श्रमदान, स्वच्छता गतिविधियां, पौधारोपण, जल स्रोतों की सफाई, प्रभात फेरियां, जागरूकता रैलियां एवं सामाजिक सहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो को दिए हैं। उन्होंने अभियान में स्वयंसेवी संगठनों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, युवा समूहों तथा आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होने बताया कि इस अभियान में जल संसाधन विभाग द्वारा नदी, वृहद एवं मध्यम बांध, सरोवर, नहरों की पूजा, नहरों एवं खालों की जल उपयोगिता संगम एवं किसानों के सहयोग से साफ-सफाई, जल शक्ति अभियानः कैच द रैन अंतर्गत कार्यक्रम, जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम, नए कार्यों का शिलान्यास, भूमि पूजन एवं पूर्ण कार्यों का अवलोकन व लोकार्पण जैसे विभिन्न कार्य होंगे। अभियान अंतर्गत वंदे गंगा प्रभात फेरी, वंदे गंगा कलश यात्रा, पीपल पूजन व पौधारोपण, ईको फ्रैंडली स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय, जल संरक्षण एवं जन भागीदारी के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटकों का आयोजन, संकल्प कार्यक्रम, नवीन अमृत सरोवर का पूजन किया जाएगा। हरियालो राजस्थान अंतर्गत पौधारोपण कार्यों की अग्रिम तैयारी, औरण व चारागाहों का चिन्हिकरण, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत कार्यों का अवलोकन एवं नवीन स्वीकृति, वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत जल संरक्षण जैसे कार्य किए जाएंगे। अभियान में 26 मई को जिले मे विशेष ग्राम सभाएं होंगी, जिनमें नवीन कार्यों का अनुमोदन, स्वीकृतियां जारी करने के साथ ग्रामवासियों को अभियान का संकल्प दिलाया जाएगा। अभियान में गौशाला, पशु चिकित्सालय, दुग्ध संघ, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कृषि उपज मंडी समिति, सार्वजनिक स्थानों, पेयजल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, विभिन्न संगठनों के साथ जल संरक्षण पर विचार संगोष्ठियां होंगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल परीक्षण अभियान भी चलाया जाएगा। प्राचीन तालाब, जोहड़, सोख्ता गड्ढों, गांवों के मुख्य मार्गो, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई सहित जल स्त्रोतो की मैपिंग जैसे कार्य होंगे।

# होर्मुज को लेकर ईरान बना रहा नई योजना, 'वशिष्ट सेवाओं के लिए शुल्क भी लिया जाएगा'

**तेहरान | एजेंसी**

होर्मुज स्ट्रेट पर तनाव वैश्विक चिंता का सबब बना है। इस बीच, तेहरान की ओर से एक सिस्टम की बात चल रही है। ईरान के अनुसार, उनका ये सिस्टम फ्रीडम प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होगा।ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए अपनी योजना साझा की।

उनका कहना है कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए एक नया सिस्टम तैयार कर लिया है, जिसे जल्द लागू किया जाएगा।

# मेघालय की अर्थव्यवस्था पांच वर्षों में दोगुनी हुईः सीएम संगमा

**नई दिल्ली | एजेंसी**

मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था पिछले पांच वर्षों में दोगुनी हो गई है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में 'नॉर्थ-ईस्ट इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर समिट एंड एग्जीबिशन 2026' के उद्घाटन समारोह में मेघालय के तीव्र अवसंरचना विस्तार और निवेश क्षमता पर प्रकाश डाला। नई दिल्ली स्थित मेघालय हाउस में आयोजित उद्घाटन समारोह में दो दिवसीय 'नॉर्थ-ईस्ट इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर समिट एंड एग्जीबिशन 2026' के लिए रोडमैप प्रस्तुत किया गया, जो 11 और 12 जून को शिलांग में आयोजित होने वाला है।

शिखर सम्मेलन में केंद्रीय मंत्रियों, सभी पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों, नीति निर्माताओं, निवेशकों, अवसंरचना विकासकर्ताओं, वित्तीय संस्थानों और उद्योग जगत के नेताओं के एक साथ आने की उम्मीद है। संगमा ने कहा कि मेघालय पिछले कई वर्षों से निरंतर विकास के साथ देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेघालय की अर्थव्यवस्था पिछले पांच वर्षों में दोगुनी हो गई है, जबकि पूंजी निवेश 2018 की तुलना में चार गुना बढ़ गया है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य ने पिछले तीन से चार वर्षों से लगातार मजबूत आर्थिक गति बनाए रखी है, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मेघालय औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत सभी क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए बड़े प्रोत्साहन शुरू किए हैं और इस बात पर जोर दिया कि मेघालय ने देश के छोटे राज्यों में सबसे मजबूत उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक का निर्माण किया है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास पर प्रकाश डालते हुए, संगमा ने कहा कि मेघालय का पहला सूचना प्रौद्योगिकी पार्क पहले से ही पूरी क्षमता से काम कर रहा है, जबकि आगामी दूसरे सूचना प्रौद्योगिकी पार्क में राष्ट्रीय और वैश्विक कंपनियों ने जबरदस्त रुचि दिखाई है।

**संरक्षक इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड**

(पुराना नाम ए. के. स्पिनटेक्स लिमिटेड)

**शेयर पर दवा करने हेतु**

मैं तेज सिंह घरबड़ा पुत्र श्री वेणी चन्द घरबाड़ा निवासी 43/60 न्यू अशोक विहार, भोपल पूरा, उदयपुर यह घोषणा कर रहा हूँ की मेरे पास संरक्षक इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड (पुराना नाम ए. के. स्पिनटेक्स लिमिटेड ) भीलवाड़ा कंपनी के कुल 500 शेयर है। ये शेयर मेने सुनील समदानी, रंगलाल समदानी तथा सतीश समदानी निवासी उदयपुर से हस्तानांतरण विलेख द्वारा क्रय किये थे तथा भुगतान नकद किया था। लेकिन मेने ये शेयर तथा हस्तानांतरण विलेख कंपनी में पहले प्रस्तुत नहीं किये थे में इन्हे अब कंपनी में प्रस्तुत कर अपने नाम पर हस्तानांतरित करवा रहा हूँ यदि किसी आमजन को कोई आपत्ति हो तो वो इस प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 14 के. एम. स्टोन, चित्तौड़ रोड बिलिया कलां, भीलवाड़ा (राजस्थान) में सम्पर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है यदि कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो कंपनी ये शेयर मेने नाम पर हस्तांतरित करेगी।

स्थान- भीलवाड़ा | दावा कर्त्ता

दिनांक- 17-05-2026 | तेज सिंह घरबड़ा

# सोने का दाम एक हफ्ते में 8 हजार रुपए से अधिक बढ़ा, चांदी 2.68 लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली | एजेंसी**

सोने और चांदी की कीमतों में इस हफ्ते तेजी देखने को मिली है। सोने का दाम 8,100 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक और चांदी की कीमतों में 12,900 रुपए प्रति किलो का इजाफा हुआ है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 1,58,210 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पिछले हफ्ते इसी दिन 1,51,078 रुपए प्रति 10 ग्राम था। यह दिखाता है कि सोने की कीमतों में बीते एक हफ्ते के दौरान 8,132 रुपए प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 1,44,920 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,38,387 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 1,13,309 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,18,658 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी तेजी बनी हुई है। चांदी की कीमत एक हफ्ते में 12,900 रुपए बढ़कर 2,68,500 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि बीते हफ्ते 2,55,600 रुपए प्रति किलो थी। इस हफ्ते के दौरान हाजिर बाजार में 24 कैरेट के सोने ने 14 मई को सुबह के सत्र में 1,61,349 रुपए प्रति 10 ग्राम का उच्चतम भाव छुआ। वहीं, न्यूनतम भाव 11 मई को 1,49,677 रुपए प्रति 10 ग्राम शाम के सत्र में देखा गया। चांदी ने 14 मई को सुबह के सत्र में 2,87,350 रुपए प्रति किलो का उच्चतम भाव छुआ। वहीं, न्यूनतम भाव 11 मई को 2,55,300 रुपए प्रति किलो सुबह के सत्र में देखा गया। आईबीजेए द्वारा सुबह और शाम के सत्र में दो बार कीमतें जारी की जाती हैं। इस हफ्ते सोने-चांदी की कीमतों में तेजी की वजह मोदी सरकार की ओर से कीमती धातुओं पर आयात शुल्क को बढ़कर 15 प्रतिशत करना था, जो कि पहले 6 प्रतिशत था।

# ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से तेल कंपनियों को 52,700 करोड़ रुपए की राहत मिलने की संभावना : रिपोर्ट

**नई दिल्ली | एजेंसी।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हाल ही में की गई 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी से सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के बढ़ते घाटे में कमी आने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फैसले से कंपनियों को लगभग 52,700 करोड़ रुपए की राहत मिल सकती है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह राहत वित्त वर्ष 2026-27 में ओएमसी के अनुमानित कुल घाटे का करीब 15 प्रतिशत है। रिपोर्ट के मुताबिक, पेट्रोल और डीजल पर अंडर-रिकवरी लगातार बढ़ रही थी क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें बढ़ने के बावजूद खुदरा ईंधन कीमतों में लंबे समय तक बदलाव नहीं किया गया।

**बैद फिनसर्व लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : बैद हाउस, द्वितीय तल, 1-तारा नगर, अजमेर रोड, जयपुर-06, फोन : 9214018855

E. : baidfinance@baidgroup.in • W. : www.baidfinserv.com • CIN: L65910RJ1991PLC006391

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक वर्ष के लिए स्टैण्डएलॉन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरणों का सार भारतीय लेखा मानको ( आईएनडी-एएस ) के अनुपालन में तैयार

( शेयर डाटा को छोड़कर रु. लाखों में )

| | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2026 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समाप्त वार्षिक वर्ष 31.03.2026 (अंकेक्षित) | समाप्त वार्षिक वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 2501.48 | 2,211.43 | 9,726.58 | 8198.16 |
| 2. | अवधि का शुद्ध लाभ/( हानि ) ( कर, असाधारण और/ या असाधारण वस्तुओं से पहले ) | 216.65 | 505.75 | 2007.30 | 1813.65 |
| 3. | कर के पहले शुद्ध लाभ/( हानि ) ( असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 216.65 | 505.75 | 2007.30 | 1813.65 |
| 4. | कर के बाद शुद्ध लाभ/( हानि ) ( असाधारण और/या असाधारण वस्तुएं ) | 165.7 | 363.87 | 1497.49 | 1344.55 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय एवं अन्य व्यापक आय ( कर के बाद ) के लिए लाभ/हानि | 165.7 | 363.87 | 1497.49 | 1344.55 |
| 6. | समता अंश पूंजी ( अंकित मूल्य रु. 2/- प्रति अंश ) | 3097.76 | 2401.37 | 3097.76 | 2401.37 |
| 7. | रिज़र्व ( पूर्व लेखा वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार पूनर्मूल्यांकन रिजर्व के अतिरिक्त ) | - | - | 19909.68 | 15501.74 |
| 8. | आय प्रति शेयर ( अंकित मूल्य रु. 2/- प्रति अंश ) ( संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए )- 1 मूल 2 तरल | 0.07 | 0.3 | 1.15 | 1.12 |

टिप्पणी : ( 1 ) 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है जिसकी शुक्रवार, 15 मई 2026 को आयोजित संबंधित मीटिंग में अंकेक्षण समिति ने उपरोक्त परिणामों की समीक्षा की है एवं निदेशक मण्डल ने उपरोक्त परिणामों को मंजूरी दे दी है एवं सेबी ( सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किया गया। समाप्त तिमाही एवं वार्षिक वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाईट www.bseindia.com तथा www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाईट www.baidfinserv.com पर उपलब्ध है। ( 2 ) कंपनी के गैर अंकेक्षित स्टैण्डअलोन वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों ( आईएनडी-एएस ) के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित किए गए है।

वास्ते- बैद फिनसर्व लिमिटेड

हस्ता./-

अमन बैद

पूर्णकालिक निदेशक (DIN: 03100575)

दिनांक : 15 मई, 2026

स्थान : जयपुर

# अमेरिका-ईरान तनाव के चलते इस सप्ताह कच्चे तेल की कीमतों में आई 8 प्रतिशत तक की उछाल

**नई दिल्ली | एजेंसी**




अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते इस सप्ताह वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला। कारोबार के अंत में प्रमुख बेंचमार्क क्रूड कॉन्ट्रैक्ट 3 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ बंद हुए। तनाव बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर निकट भविष्य में किसी तरह के समाधान की उम्मीद कमजोर पड़ गई है, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक है।

ब्रेंट क्रूड वायदा 3.54 डॉलर यानी 3.35 प्रतिशत बढ़कर 109.26 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 4.25 डॉलर यानी 4.2 प्रतिशत बढ़कर 105.42 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। पूरे सप्ताह के दौरान ब्रेंट क्रूड में 7.84 प्रतिशत और डब्ल्यूटीआई में 10.48 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बाजार में ईरान संघर्ष के बीच नाजुक युद्धविराम और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने की आशंका को लेकर चिंता बनी रही। निवेशकों की चिंता तब और बढ़ गई जब ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने कहा कि तेहरान को अमेरिका पर 'कोई भरोसा नहीं' है और ईरान तभी बातचीत करेगा जब वॉशिंगटन गंभीरता दिखाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान दोबारा संघर्ष और कूटनीतिक बातचीत, दोनों के लिए तैयार है। यह बयान ऐसे समय आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर नाराजगी जताई और दोहराया कि तेहरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खोलना चाहिए। इस मार्ग से दुनिया की करीब 20 प्रतिशत तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस आपूर्ति गुजरती है। यह जलडमरूमध्य सऊदी अरब, इराक और कतर जैसे खाड़ी देशों के लिए मुख्य निर्यात मार्ग है। इसलिए इसमें किसी भी तरह की रुकावट वैश्विक ऊर्जा बाजार के लिए बड़ी चिंता मानी जा रही है। बाजार को पहले उम्मीद थी कि ईरान और उसके प्रतिद्वंद्वियों के बीच युद्धविराम से क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही सामान्य हो जाएगी। हालांकि, वॉशिंगटन और तेहरान की हालिया बयानबाजी के बाद जलडमरूमध्य जल्द खुलने की उम्मीद काफी कम हो गई है, जिससे लंबे समय तक आपूर्ति प्रभावित रहने का डर बढ़ गया है। डोनाल्ड ट्रंप ने चीन यात्रा के दौरान कहा कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ इस बात पर सहमति जताई है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए। हालांकि, शी जिनपिंग ने इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की। चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह संघर्ष 'कभी होना ही नहीं चाहिए था' और 'इसके जारी रहने की कोई वजह नहीं है।'

**M/s SYSTEMATIX SECURITIES LTD.**

Regd. Office: Plot 35, Old Industrial Riico Area, Chittorgarh (Raj.)- 312001, INDIA

Email- systematixctor@gmail.com Website: www.systematixsecurities.in

**STANDALONE FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31.03.2026**

(AMOUNT IN LAKH'S)

| | Particulars | Quarter Ended March 2026 Audited | Quarter Ended December 2025 Audited | Quarter Ended March 2025 Audited | March 31, 2026 Audited | Year Ended March 31, 2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Income | | | | | |
| | (a) Revenue from Operations | 8.44 | 6.91 | 7.43 | 30.88 | 30.6 |
| | (b) Other Income | - | - | - | - | 0.00 |
| | Total Revenue | 8.44 | 6.91 | 7.43 | 30.88 | 30.60 |
| 2 | Expenses | | | | | |
| | (a) Finance Cost | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.03 |
| | (b) Fees & Commission expenses | 0 | 0 | 0 | 4.19 | 4.11 |
| | (c) Employee benefits expenses | 4.5 | 4.16 | 4.81 | 17.24 | 18.44 |
| | (d) Depreciation, amortisation and impairment | 0.01 | 0.01 | 0.72 | 0.46 | 2.88 |
| | (e) Other Expenses | 3.62 | 3.53 | 3.49 | 14.96 | 13.47 |
| | Total Expenditure | 8.13 | 7.70 | 9.02 | 36.85 | 38.93 |
| 3 | Profit/(Loss) from ordinary activities before exceptional items and tax (1-2) Exceptional items & Tax | 0.31 | (0.79) | (1.59) | (5.97) | (8.33) |
| 4 | Exceptional Items | - | - | - | - | - |
| 5 | Profit/(Loss) before tax (3-4) | 0.31 | (0.79) | (1.59) | (5.97) | -8.33 |
| 6 | Tax Expense | | | | | |
| | (a) Current Tax | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.03 | 0.00 |
| | (b) Deferred Tax | 0.00 | 0.00 | (0.02) | 0.02 | (0.09) |
| | Total Tax Expense | 0.00 | 0.00 | (0.02) | 0.05 | (0.09) |
| 7 | Profit/(Loss) after tax (9-10) | 0.31 | (0.79) | (1.57) | (6.02) | (8.24) |
| 8 | Other Comprehensive Income/(Loss), Net of Tax | | | | | |
| | a)Items that will not be reclassified to profit or loss | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | b) Items that will be reclassified to profit or loss | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 9 | Total Comprehensive Income for the period | 0.31 | (0.79) | (1.57) | (6.02) | (8.24) |
| 10 | Paidup Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- Per Share) | 500.00 | 500.00 | 500.00 | 500.00 | 500.00 |
| 11 | Earnings per share Basic and Diluted EPS | 0.01 | (0.02) | (0.03) | (0.12) | (0.16) |

Notes:

(1) The above Financial Results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by Board of Directors at its meetings held on 16th May 2026. Limited Review of these results is carried out by Auditors.

(2) Financial results for all the periods presented have been prepared accordance with the recognition and measurement principles of Ind AS.

(3) The Company is engaged in only one segment i.e. investment Banking.

(4) Previous period's figures have been re-grouped/re-arranged to make them comparable with those of current period.

For M/s Jyoti Dad & Co.
Chartered Accountants
(Registration No. 013288C)

Jyoti Dad
Proprietor
M.No. 405674
Place : BHAYANDAR WEST (MH.)
Date : 16/05/2026

For & On Behalf Of The Board

Rajesh Kumar Inani (Managing Director) DIN: 00410591

Basanti Lal Agal Director DIN: 08416577

